an>

Title: Need to take steps for safety and security of people of Khiri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की निरंतर बिगड़ रही स्थिति की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश इस देश का सबसे बड़ी जनसंख्या वाला प्रदेश है। किसी राजनैतिक दल या चुनी हुई सरकार की आलोचना करना मेरा उद्देश्य नहीं है, परंतु किसी चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी होती है कि उसके शासन काल में सब लोगों की सम्पत्ति व सम्मान सुरक्षित रहे तथा लोग कानून के राज को महसूस करें। मेरे संसदीय क्षेत्र लखीमपुर खीरी में 30 जुलाई, 2014 को एक बड़ी नाटकीय घटना हुई। दो सजायाफ्ता कैदी जेल के अंदर से अवैध हथियार लेकर आये और मुख्य द्वार पर उपस्थित संतरी और पुलिस के लोगों को हथियार दिखाकर मुख्य द्वार से फरार हो गये। उससे पहले 10 जुलाई को एक सजायाफ्ता कैदी, जो उम्रकैदी था, वह भी फरार हो गया। 10 सितम्बर को एक कैदी ने अदालत के अंदर पुलिस के सिपाही की हत्या कर दी और वह वहां से फरार हो गया। अभी 29 जुलाई को निघासन थाने से हथकड़ी सहित एक इनामी अपराधी फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 30 जुलाई के दिन एक युवती के अपहरण का प्रयास किया गया और ये वे सारे क्षेत्र हैं जो उच्च सुरक्षा जोन के अंतर्गत आते हैं, जहां कचहरी है, पुलिस लाइन है, जिला जज का आवास है, पुलिस अधीक्षक का आवास है और उसके साथ-साथ जेल गेट के सामने पुलिस चौकी थी और दुर्भाग्य था तथा बड़ा नाटकीय दृश्य था कि उस समय पुलिस चौकी में ताला लगा हुआ था।

माननीय अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि यह स्थिति निश्चित रूप से निराशाजनक है। इससे पूरे जिले में दहशत और भय का माहौल है। चूंकि यह नेपाल का सीमावर्ती क्षेत्र है, इसलिए ये सारे अपराधी नेपाल में चले गये हैं। पुलिस की जानकारी है, लखीमपुर जिले के व्यापारियों और उद्यमियों को धमकाकर लाखों रुपये की वसूली की जा रही है। वहां के लोग दहशत में हैं, निरंतर ऐसी घटनाओं से सरकार पर से भी लोगों का विश्वास खत्म हो रहा है। शासन, प्रशासन तथा पुलिस से लोगों का विश्वास खत्म हो रहा है। मेरा अनुरोध है कि इन घटनाओं का संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश को भारत सरकार अवगत कराने का कष्ट करे, ताकि वह प्रभावी कार्रवाई करे, जिससे वहां के लोग भयमुक्त होकर सम्मान सहित शांति से अपना जीवन जी सकें।